भारत अंतराष्ट्रीय मंचों पर मार्च, 1995 में डेनमार्क में आयोजित विश्व सामाजिक विकास शिखर सम्मेलन; अक्तूबर, 1995 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की 50वीं वर्षगांठ की विशेष स्मारक बैठक, और उसी माह कोलम्बिया में आयोजित किए गये 11वें गुटनिरपेक्ष शिखर-सम्मेलन में विकासशील देशों की राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं अन्य मामलों को उठाने में मुखर रहा है। निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण के उद्देश्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप व्यापक परमाणु परीक्षण निषेध संधि के बारे में की जा रही वार्ताओं में भारत सक्रिय रूप से भाग ले रहा है, परन्तु हम परमाणु अप्रसार संधि का अनिश्चित समय के लिए प्रभावी होना सार्वभौमिक परमाणु निरस्त्रीकरण के मार्ग में बाधक मानते हैं, क्योंकि इसका उद्देश्य परमाणु हथियार वाले राज्यों को परमाणु शस्त्रागारों को उचित ठहराना है।

चूंकि यह सत्र संक्षिप्त अवधि का होगा, अतः इस सत्र के दौरान केवल आवश्यक विधायी कार्यों पर ही विचार हो पाएगा। पिछले सत्र के बाद से प्रख्यापित कुछ अध्यादेश संसद के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। भारत सरकार के वित्तीय वर्ष 1996-97 के अनुमानित आय और व्यय का विवरण आपके समक्ष इस उद्देश्य से रखा जाएगा कि उस वर्ष की अवधि विशेष के लिए व्यय प्राधिकृत करते हुए लेखानुदान पारित किया जा सके। राष्ट्रपति शासन वाले राज्यों के संबंध में भी लेखानुदान पारित किया जाना आवश्यक होगा।

सरकार की नीतियों से देश की प्रगति का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जिससे जनता को अपनी क्षमता का अहसास हुआ है। देश की शक्ति उसकी सुदृढ़ अर्थव्यवस्था और उसकी जन-एकता में निहित है। पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान आपने जिस समर्पण की भावना, बुद्धिमता और दूरदर्शिता का परिचय दिया है, वह राष्ट्र को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करेगा।

मैं इस सत्र में आपका अपने कार्यों में जुटने का आह्वान करता हूं, और आपके प्रयासों की सफलता की कामना करता हूं।

जय हिन्द।

12.24 म.प.

निधन संबंधी उल्लेख

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्यों, मुझे अत्यधिक दुःख के साथ हमारे दो साथियों सर्वश्री सूर्य नारायण सिंह तथा गोविन्द चन्द्र मुण्डा और हमारे छः भूतपूर्व साथियों अर्थात सर्वश्री हीरामाई, बेकिन परटिन, अमिया नाथ बोस, देव कान्त बरुआ, टी.एस. नेगी तथा पी.सी. सेठी तथा आंध्र प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री एन.टी. रामाराव के निधन के बारे में सभा को सूचित करना है।

श्री सूर्य नारायण सिंह बिहार के बलिया संसदीय क्षेत्र से वर्तमान लोकसभा के सदस्य थे। वे वर्ष 1980-84 तथा 1989-91 के दौरान उसी निर्वाचन क्षेत्र से सातवीं तथा नौवीं लोक सभा के भी सदस्य थे।

इससे पूर्व, वर्ष 1977-79 के दौरान वे बिहार विधान सभा के भी सदस्य रहे थे।

एक महान स्वतंत्रता सेनानी, श्री सिंह ने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था।

बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी, श्री सिंह एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् तथा एक प्रमुख मजदूर नेता थे। उन्होंने स्कूल, कालेज तथा पुस्तकालय खोलने में पहल की। वर्ष 1987-88 के दौरान बाढ़ तथा भूकम्प राहत कार्यों में वे सक्रिय रूप से संबद्ध थे। श्री सिंह ने गरीबों तथा भूमिहीनों में अतिरिक्त भूमि बंटवाने के लिए कार्य किया था।

एक सक्रिय संसदविज्ञ के रूप में श्री सिंह ने विभिन्न संसदीय तथा विभिन्न मंत्रालयों की सलाहकार समितियों में कार्य किया।

श्री सूर्य नारायण सिंह का 8 फरवरी, 1996 को नई दिल्ली में 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

श्री गोविन्द चन्द्र मुंडा उड़ीसा में क्योंझर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से वर्तमान लोकसभा के सदस्य थे। वे वर्ष 1977-79 तथा 1989-91 के दौरान उसी संसदीय क्षेत्र से छठी तथा नौवीं लोक सभा के भी सदस्य थे।

इससे पूर्व, वे वर्ष 1952 से 1977 तक उड़ीसा विधान सभा के सदस्य रहे थे और वर्ष 1967-70 के दौरान राज्य मंत्रिमण्डल में उपमंत्री के रूप में कार्य किया था।

इस सभा में अपनी सदस्यता के दौरान, उन्होंने विभिन्न संसदीय तथा सलाहकार समितियों के सदस्य के रूप में कार्य किया।

एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता, श्री मुंडा ने अपने क्षेत्र के गरीब तथा दलित लोगों के उत्थान के लिए कठिन परिश्रम किया और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों में गहन रुचि दिखायी।

उन्होंने उड़ीसा साहित्य पर जागरण तथा कुछ अन्य पुस्तकें भी लिखीं।

श्री गोविन्द चन्द्र मुंडा का 19 फरवरी 1996 को 66 वर्ष की आयु में क्योंझर गढ़, उड़ीसा में निधन हो गया।

श्री हीरा भाई 1977-79 तथा 1989-91 के दौरान राजस्थान की बांसवाड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से छठी तथा नौवीं लोकसभा के सदस्य थे।

इससे पूर्व, वे 1957-72 के दौरान राजस्थान विधान सभा के सदस्य रहे थे।

व्यवसाय से कृषक श्री हीरा भाई ने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था। एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता, श्री हीरा भाई को बंधुवा मजदूरी के उन्मूलन तथा मद्य निषेध को लागू करने के लिए आंदोलनों में भाग लेने के लिए कई बार जेल भेजा गया था। उन्होंने पंचायती राज को बढ़ावा देने के लिए निरंतर संघर्ष किया।

श्री हीरा भाई का 73 वर्ष की आयु में 25 दिसम्बर, 1995 को बांसवाड़ा के निकट ककनबनी में निधन हो गया।

श्री बाकिन परतिन अरुणाचल प्रदेश में अरुणाचल पूर्व संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 1977-79 के दौरान छठी लोक सभा के सदस्य थे। वे अरुणाचल विधान सभा के भी सदस्य थे।

श्री परतिन ने अपना राजनैतिक जीवन बहुत छोटी आयु में प्रारम्भ किया था, जब वे विद्यार्थी ही थे। उन्होंने 1975-77 के दौरान सियांग परिषद के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया था। उन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए अपने गृह राज्य की भी सेवा की। उन्होंने दलितों के उत्थान तथा प्रौढ़ शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए कठिन परिश्रम किया।

श्री बाकिन परतिन का 53 वर्ष की आयु में 5 जनवरी, 1996 को गुवाहाटी में निधन हो गया।

श्री अमिय नाथ बोस पश्चिम बंगाल में आरामबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 1967-70 के दौरान चौथी लोकसभा के सदस्य थे।

व्यवसाय से वकील, श्री अमिय नाथ बोस, जो नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के निकट संबंधी थे, आजाद हिन्द फौज से सक्रिय रूप से संबद्ध थे। वे 1942-44 के दौरान लंदन में कौंसिल फार इंटरनेशनल रिकॉगनीशन ऑफ इण्डिपैंडेंस के सचिव तथा 1945-46 के दौरान पश्चिम बंगाल की आई.एन.ए. समिति के महासचिव थे। वे नेताजी अनुसंधान ब्यूरो के संस्थापक सदस्य तथा नेताजी हॉल सोसाइटी, कलकत्ता के महासचिव थे।

उन्होंने व्यापक रूप से यात्रा की थी। श्री बोस की रक्षा, विदेश नीति तथा आर्थिक योजना में विशेष रुचि थी।

श्री अमिय नाथ बोस का 81 वर्ष की आयु में कलकत्ता में 26 जनवरी, 1996 को निधन हो गया।

श्री देव कान्त बरुआ 1949-50, 1950-52, 1952-57 तथा 1977-79 के दौरान क्रमशः विधान सभा, अंतरिम संसद, तथा असम में नवगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पहली तथा छठी लोकसभा के सदस्य थे। वे वर्ष 1973-77 के दौरान राज्यसभा के सदस्य भी रहे थे और 1973-74 के दौरान केन्द्रीय मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य किया। 1957-72 के दौरान वे असम विधान सभा के सदस्य थे और राज्य सरकार में मंत्री के रूप में कार्य किया था।

उन्होंने फरवरी, 1971 से फरवरी 1974 तक बिहार के राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया था।

श्री बरुआ, जिन्होंने एक सक्रिय राजनैतिक जीवन व्यतीत किया, भारत के स्वाधीनता आंदोलन में भाग लेते हुए कई बार जेल गये।

व्यवसाय से पत्रकार, वे दो दैनिक समाचार पत्रों अर्थात **दैनिक असमिया** तथा **नतुन असमिया** के सम्पादक थे। उन्होंने असमी में कविताओं की एक पुस्तक भी लिखी।

उन्होंने व्यापक भ्रमण किया। श्री बरुआ, 1954-1955 तथा 1974 में संयुक्त राष्ट्र संघ और न्यूजीलैंड में आयोजित राष्ट्रमंडल सम्मेलन के लिए भारतीय शिष्टमंडल के एक सदस्य थे।

श्री बरुआ असम में विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक तथा शैक्षणिक संस्थाओं से संबद्ध थे। वे गुवाहाटी तथा विश्व भारती विश्वविद्यालयों के कोर्टस के सदस्य तथा 1964-68 के दौरान असम सोसाइटी आफ कल्चरल स्टडीज तथा असम पब्लिकेशन बोर्ड के अध्यक्ष थे।

श्री देव कान्त बरुआ का 82 वर्ष की आयु में 28 जनवरी, 1996 को नई दिल्ली में निधन हो गया।

श्री टी.एस. नेगी 1977-79 तथा 1980-84 के दौरान उत्तर प्रदेश के टिहरी गढ़वाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से छठी तथा सातवीं लोकसभा के सदस्य थे।

इससे पूर्व, वे 1950-52 तथा 1962-67 के दौरान दो अवधियों के लिए उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे थे। वे भूतपूर्व टिहरी राज्य की विधान सभा के भी सदस्य थे।

व्यवसाय से एक वकील, श्री नेगी एक प्रसिद्ध सामाजिक तथा राजनैतिक कार्यकर्त्ता थे। उन्होंने भूतपूर्व टिहरी राज्य के लोगों की दशा सुधारने के लिए कठिन परिश्रम किया था।

एक सक्रिय सांसद, श्री नेगी विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य थे। उन्होंने संचार मंत्रालय की सलाहकार समिति में भी कार्य किया था।

श्री टी.एस. नेगी का 73 वर्ष की आयु में नरेन्द्र नगर, टिहरी गढ़वाल में 8 फरवरी, 1996 को निधन हो गया।

श्री पी.सी. सेठी 1967-70, 1971-72, 1980-84 तथा 1984-89 के दौरान इंदौर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से क्रमशः चौथी, पांचवीं, सातवीं तथा

आठवीं लोकसभा के सदस्य थे। वे 1961-64, 1964-67 तथा 1976-80 के दौरान तीन अवधियों के लिए राज्य सभा के भी सदस्य थे। उन्होंने केन्द्रीय मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य करने से पूर्व उपमंत्री तथा राज्य मंत्री के रूप में भी कार्य किया और पैट्रोलियम, रसायन तथा उर्वरक, रेल, गृह तथा योजना जैसे महत्वपूर्ण विभागों का कार्य भार संभाला। वर्ष 1972-75 के दौरान उन्होंने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में भी कार्य किया था।

वह एक वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी थे, 1942 में कालेज का बहिष्कार करने के बाद, वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े।

वह एक कुशल संसद्‌विज्ञ और अनुभवी राजनेता थे। श्री सेठी ने राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में देश की विशिष्ट सेवा की।

उन्होंने व्यापक भ्रमण किया, उन्होंने कई अंतराष्ट्रीय सम्मेलनों और संगठनों जैसे सितम्बर, 1969 में बारबाडोस में राष्ट्रमंडल के वित्त मंत्रियों के सम्मेलन, 1970 में सिओल के एशिया विकास बैंक की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया, वे विक्टोरिया, वैनकोवर द्वीप, कनाडा में आयोजित कोलम्बो योजना सम्मेलन के भारतीय प्रतिनिधिमंडल के नेता थे। उन्हें एशिया विकास बैंक, मनीला और अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक में भारत के गवर्नर के रूप में भी नामित किया गया था।

श्री सेठी, जिनकी खेलों और सांस्कृतिक क्रियाकलापों में गहरी रुचि थी, ने मध्य भारत कला परिषद और मध्य प्रदेश ग्राम और खादी उद्योग के सदस्य के रूप में कार्य किया।

श्री पी.सी. सेठी का निधन 76 वर्ष की आयु में 21 फरवरी, 1996 को बंगलौर में हुआ।

मैं, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री, श्री एन.टी. रामाराव के दुखद निधन की सूचना भी सभा को देता हूं।

श्री रामाराव ने अपना जीवन एक फिल्म अभिनेता के रूप में शुरू किया और बाद में उत्कृष्ट अभिनेता बन गये। उनकी असाधारण अभिनय कला ने उन्हें एक सफल अभिनेता बना दिया। उनका फिल्मी जीवन लगभग 50 वर्षों की अवधि का रहा और उन्होंने 100 से भी अधिक फिल्मों में कार्य किया, जिनमें उनके योगदान से प्रत्येक फिल्म को काफी सफलता मिली।

उन्होंने अपना राजनैतिक जीवन 1982 में शुरू किया और 1983 में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बने और बाद में राष्ट्रीय नेता के स्तर तक पहुंच गये।

श्री रामाराव अपने राज्य के लोगों में अपने धर्म-निरपेक्ष विचारों और गरीब एवं दलितों के उत्थान के लिए लोकप्रिय थे।

श्री रामाराव का निधन 72 वर्ष की आयु में 18 फरवरी, 1996 को हैदराबाद में हुआ।

हम इन मित्रों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और मुझे विश्वास है कि यह सभा शोक संतप्त परिवारों को हमारी शोक संवेदनाएं पहुंचाने में मेरे साथ है।

प्रधानमंत्री (श्री पी.वी. नरसिंह राव) : अध्यक्ष महोदय, मैं बड़े व्यथित हृदय से इस सभा के वर्तमान सदस्य श्री सूर्य नारायण सिंह को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। श्री सिंह गरीबों और दलितों के कल्याण के लिए वचनबद्ध थे। वह एक मजदूर नेता थे, जिन्होंने श्रमिक वर्ग के अधिकारों के लिए कार्य किया। हमें उनकी कमी इस सभा में खलेगी।

मुझे यह जानकर भी दुख हुआ कि एक अन्य वर्तमान सदस्य श्री गोविंद चन्द्र मुंडा का निधन हो गया है। वह अनुसूचित जनजातियों के हिमायती थे और उन्होंने उड़ीसा साहित्य पर अनेक पुस्तकों का प्रकाशन किया। जनजातीय कल्याण के मामलों में उनकी बहुत रुचि थी।

श्री हीरा भाई एक स्वतंत्रता सेनानी थे और उन्होंने बंधुआ मजदूरी के उन्मूलन के लिए भी संघर्ष किया और उन्हें बंधुआ मजदूरों, मद्य-निषेध और पंचायती राज से संबंधित आंदोलनों में भाग लेने के लिए कई बार जेल की सजा झेलनी पड़ी।

श्री बाकिन परतिन ने अपना जीवन सरकार से शुरू किया, लेकिन अरुणाचल प्रदेश के लोगों की भलाई के लिए इसे जल्दी ही छोड़ दिया, उन्होंने प्रौढ़ शिक्षा और कृषि के विकास में गहरी रुचि दिखाई।

श्री अमिय नाथ बोस एक प्रसिद्ध विधिवक्ता थे और उन्होंने ब्रिटेन में भारतीय कांग्रेसजनों को संगठित किया। वे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के भतीजे थे और आजाद हिन्द फौज से घनिष्ठ रूप से संबद्ध थे। वे नेताजी अनुसंधान ब्यूरो, कलकत्ता के संस्थापक सदस्य भी थे।

मैं श्री देव कान्त बरुआ के निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त करता हूं और अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। वे एक सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और पत्रकार थे। वह एक बुद्धिजीवी थे, जिनका किताबों के प्रति रुचि और स्नेह था। उन्होंने कई पदों जैसे असम के मंत्री और केंद्रीय मंत्री और बिहार के राज्यपाल के रूप में श्रेष्ठतापूर्वक कार्य किया, मेरा उनसे अखिल भारतीय कांग्रेस समिति का महासचिव होने के नाते विशेष लगाव था, जब वह इसके अध्यक्ष थे।

मैं श्री टी.एस. नेगी के निधन पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। वह टिहरी क्षेत्र के लोगों की सेवा के लिए समर्पित थे और उन्होंने उनके कल्याण के लिए कार्य किया।

मैं श्री पी.सी. सेठी के निधन पर भी गहरा दुख व्यक्त करता हूं। श्री सेठी एक स्वतंत्रता सेनानी और वयोवृद्ध नेता थे। वह एक योग्य और अनुभवी प्रशासक थे, जिन्होंने केन्द्र सरकार के कई विभागों का कार्यभार संभाला। जनवरी 1972 से दिसम्बर 1975 तक वे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री थे।

श्री नन्दमुरि तारक रामाराव के निधन से हमने देश के राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षितिज में एक सबसे सजीव और सशक्त व्यक्तितव को खो दिया है। वे पूर्णरूपेण एक कर्मठ व्यक्ति थे। वह टाइटन की तेजी से उभरे और अपनी अमिट छाप छोड़ दी।

मैं व्यक्तिगतरूप से उन्हें 40 वर्षों से अधिक समय से जानता हूं और प्रशंसा के साथ उनकी धमाकेदार सफलता का अनुसरण किया।

राजनीतिक रूप से कठोर शब्द शैली, जो उनके पास प्राकृतिक रूप से और स्वतः प्राप्त थी, के बावजूद वह विचारवान और मित्रतापूर्ण थे। उन्होंने एक राजनीतिक दल का निर्माण किया, उसके प्रत्येक अवयव को आपस में जोड़ा और इसमें जान फूंकी तथा उसे जीवंत बनाए रखा।

तत्पश्चात् वह राष्ट्रीय स्तर पर एक विशाल मोर्चा के अध्यक्ष बने। इस असाधारण व्यक्ति और नेता के प्रति मैं अपना सम्मान व्यक्त करता हूं और शोक संतप्त परिवार को अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करे।

महोदय, मैं इन सभी माननीय सदस्यों के निधन पर अपनी तथा संपूर्ण राष्ट्र की ओर से हार्दिक दुःख प्रकट करता हूं।

[हिन्दी]

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (लखनऊ) : अध्यक्ष महोदय, आपने और सदन के नेता ने जिन दिवंगत महानुभावों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है, मैं भी अपनी ओर से और अपनी पार्टी की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि देना चाहता हूं।

श्री सूर्य नारायण सिंह और श्री मुंडा पिछले सत्र में हमारे साथ थे, आज नहीं है। यह क्रम इसी तरह चलता रहा है। श्री सिंह एक कर्मठ सदस्य के नाते और मुंडा अपने बहुरंगी व्यक्तित्व के नाते याद किये जाते रहेंगे।

मैं विशेष रूप से श्री देवकान्त बरुआ, श्री प्रकाश चन्द सेठी और श्री रामाराव जी का उल्लेख करना चाहूंगा। वैसे तो प्रायः सभी दिवंगत सदस्यों के साथ मुझे कभी इस सदन में और कभी दूसरे सदन में काम करने का अवसर मिलता रहा। उनकी स्मृतियां हम लोग अपने ह्रदय में संजोये रहेंगे।

श्री देव कान्त बरुआ एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। तीव्र राजनैतिक मतभेदों के बावजूद संस्कृति में, साहित्य में, ललित कलाओं में, उनकी जो अभिरुचि थी, एक परिष्कृत दृष्टिकोण था, इन मामलों में जो उनकी गहरी पैठ थी, वह सचमुच में भीड़ से अलग उनके व्यक्तित्व को एक गरिमा प्रदान करती थी।

श्री प्रकाश चन्द जी सेठी मध्य प्रदेश के सपूतों में एक थे। जमीन से उठ कर उन्होंने ऊंचाइयां प्राप्त कीं। शालीन, शिष्ट, मितभाषी, सब को साथ लेकर चलने की भावना से प्रेरित सेठी जी अनेक दायित्वों के निर्वाह के लिये मनोनीत हुए और उन्होंने उन उत्तरदायित्वों का भली-भांति पालन किया।

श्री रामाराव आंध्र राष्ट्र के नायक के रूप में उभरे। मैं 'राष्ट्र' शब्द का प्रयोग जानबूझकर कर रहा हूं, क्योंकि तेलगू में राज्य को राष्ट्र कहते हैं। किसी को भ्रम में नहीं पड़ना चाहिये। मैं जब आंध्र में गया तो मैंने परिचय के समय आंध्र राष्ट्र नायकुलू सुना। आंध्र में रामाराव जी नायक के रूप में ही नहीं, महानायक के रूप में उभरे। राजनीति के रंगमंच पर उनका पदार्पण जितना नाटकीय था, विश्व के रंगमंच से उनका प्रस्थान भी उतना ही नाटकीय रहा। उन्होंने आंध्र की जनता के ह्रदय में अपने लिये जगह बनायी। हम लोगों को भी उनको निकट से देखने और उनके साथ काम करने का अवसर मिला था। उनके आकस्मिक देहावसान से उनके परिवार को और आंध्रवासियों को जो दुख हुआ, उसमें हम सहभागी हैं।

अध्यक्ष महोदय, मैं एक बार फिर सभी दिवंगत नेताओं के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि हमारी शोक संवेदनाएं उनके संतप्त परिवार तक पहुंचा दें।

[अनुवाद]

श्री श्रीकान्त जेना (कटक) : महोदय, मैं इस सभा के वर्तमान सदस्यों सर्वश्री सूर्य नारायण सिंह, गोविन्द चन्द्र मुंडा और इस महान सभा के अन्य सदस्यों के निधन पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करने में आपके साथ हूं, जो चौथी, छठी, सातवीं, आठवीं और नौवीं लोकसभा के सदस्य थे।

महोदय, जैसा कि आप जानते हैं, श्री गोविन्द चन्द्र मुंडा उड़ीसा से थे। मैं उन्हें पिछले 25 वर्षों से जानता हूं। वह वहां मंत्री, विधान सभा के सदस्य थे और तत्पश्चात् संसद सदस्य बने। वह क्योंझर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चुने गये थे। हम सभी श्री मुंडा को एक अलग आदमी के रूप में जानते हैं। लेकिन जो लोग उड़ीसा के हैं, वे यह जानते हैं कि वह एक अच्छे व्यक्ति थे। वह एक सच्चे आदिवासी नेता थे। वे जनजातीय जनता के साथ घुले-मिले थे। उन्होंने न केवल अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए बल्कि उड़ीसा की जनजातीय जनसंख्या के लिए भी बहुत अधिक काम किया।

श्री एन.टी. रामाराव राष्ट्रीय मोर्चे के अध्यक्ष थे। उनके निधन से राष्ट्रीय मोर्चा और देश को भी भारी क्षति हुई है। मैं अपने दल की ओर से संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और अनुरोध करता हूं कि हमारी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों तक पहुंचा दें।

श्री सोमनाथ चटर्जी (बोलपुर) : अध्यक्ष महोदय, अपने दल और स्वयं अपनी ओर से, मैं आपके और सभा के नेता तथा विपक्ष के नेता एवं श्री जेना द्वारा जो इस सभा में कहा गया है, उससे मैं खुद को सम्बद्ध करता हूं और इस सभा के और पिछली लोकसभा के हमारे साथियों के निधन पर हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।

महोदय, कामरेड सूर्य नारायण सिंह ने दलितों, श्रमिक वर्ग और कृषकों की भलाई के लिए बहुत अधिक संघर्ष किया। वे जनता के व्यक्ति थे। हमारे देश के दलितों की दशा सुधारने के लिए उनका विशिष्ट योगदान हमेशा याद किया जायेगा।

महोदय, मुझे इस सभा के अन्य ख्यातिप्राप्त सदस्यों को जानने का अवसर प्राप्त था। श्री अमिय नाथ बोस इस सभा के प्रतिष्ठित सदस्य थे और एक सुप्रसिद्ध कानूनी विशेषज्ञ थे। उन्होंने नेताजी सुभाष बोस के संदेश को अनेक तरह से प्रचार-प्रसार करने में अपना योगदान दिया।

श्री देव कान्त बरुआ हम सब के बहुत प्रिय थे, उनके सौम्य स्वभाव और शालीन उपस्थिति से सभी प्रभावित थे।

श्री पी.सी. सेठी हम सब के प्रिय मित्र थे।

इस देश के राजनीतिक जीवन में श्री रामाराव के योगदान को महत्व देना उचित है और यह कुल मिलाकर देश के लिए क्षति है।

महोदय, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों को हमारी दुख और क्षति की भावना संप्रेषित की जाए।

श्री इन्द्रजीत गुप्त (मिदनापुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं इस सभा के बहुत से भूतपूर्व और वर्तमान सहयोगियों के निधन पर अपने अन्य साथियों और विपक्ष के नेता के साथ गहरा शोक प्रकट करता हूं।

श्री सूर्य नारायण यादव, बल्कि मुझे उन्हें कॉमरेड सूर्यनारायण सिंह, कहना चाहिए, बिहार में हमारे दल के एक महत्वपूर्ण नेता थे। उन्होंने बेगूसराय जिले में निर्धन वर्ग के लोगों में अपने लिए बहुत ही सशक्त आधार बना लिया था और पिछले सोमवार अर्थात 19 तारीख को मुझे उनके गांव के समीप बुलाई गई एक विशाल जनसभा में भाग लेने का अवसर मिला था। यह एक शोक सभा थी और जो लोग उस सभा में आए थे, वे इस बात के साक्षी हैं कि गरीबों के दिल में उनके लिए विशेष स्थान था। वह समाज के सबसे निर्धन वर्ग के हितैषी थे। वह गरीबों के मसीहा थे और जीवनपर्यंत उनके लिए संघर्ष करते रहे।

महोदय, श्री मुंडा का व्यवहार प्रत्येक व्यक्ति के प्रति सौम्य एवं सौहार्दपूर्ण था। हम इस सभा में हमेशा मुस्कराते रहने और हर एक का अभिवादन करने के लिए याद रखेंगे और मैं जानता हूं कि एक जनजातीय नेता के रूप में उन्होंने उड़ीसा राज्य के जनजातीय लोगों के लिए कार्य किया। मुझे उनके निधन से गहरा दुख पहुंचा है।

श्री अमिय नाथ बोस मेरे उस समय के सहयोगी थे, जब हम युद्ध से पहले कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के छात्र थे। श्री अमिय नाथ बोस नेताजी के भतीजे थे और शायद इसी कारण वह स्वतंत्रता संग्राम, विशेषरूप से आज़ाद हिन्द फौज की भूमिका से जुड़े हुए थे। मैं समझता हूं कि निधन संबंधी सूचना में इस बात का उल्लेख नहीं किया गया है कि वह कुछ समय तक वर्मा में हमारे राजदूत भी रहे। वह 1971 के चुनाव में मेरे प्रतिद्वन्द्वी भी थे। वह एक बहुत ही मिलनसार व्यक्ति और एक विद्वान वकील थे।

महोदय, मैं समझता हूं कि श्री देवकान्त बरुआ भारतीय संस्कृति के प्रतीक थे। वह एक शिष्ट व्यक्ति थे। उन्हें साहित्य का वृहद ज्ञान था। उनके पास एक बहुत बड़ा पुस्तकालय था, जिसमें उनके मित्र इच्छा होने पर अध्ययन करने के लिए स्वतंत्र थे। उनकी संगीत, वास्तुशिल्प और संस्कृति के अनेक क्षेत्रों में गहरी रुचि थी। वह इन क्षेत्रों में बहुत निपुण थे। वह विदेशी सिगार के बहुत शौकीन थे। कुछ लोग जो सिगार पीना पसंद करते हैं—कुछ वर्ष पहले मैं भी उनमें से एक था, अब नहीं — उनकी उदारता का लाभ उठाते थे और उनसे सिगार पीते थे। वह बहुत मैत्रीपूर्ण और प्रसन्नचित व्यक्ति थे। कुछ राजनीतिक वक्तव्यों के कारण उनकी ख्याति को धक्का पहुंचा। मैं नहीं जानता हूं कि वे इसके प्रति गंभीर थे या नहीं। आज उनके निधन से ये सब बातें मन से मिट गई हैं।

श्री पी.सी. सेठी ने अनेक सरकारी पदों पर कार्य किया।

वह अनेक विभागों के मंत्री रहे। मुझे याद है कि वह बहुत ही योग्य मंत्री थे, चाहे उनके पास कोई भी विभाग रहा हो, और वे विपक्षियों सहित सभी सदस्यों से मैत्रीभाव रखते थे। वह बहुत परिश्रमी व्यक्ति थे और उनका जीवनवृत काफी लम्बा अनुकरणीय रहा है।

अतः मैं अपनी ओर से और अपने दल की ओर से सभी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि हमारी संवेदना शोकसंतप्त परिवारों तक पहुंचा दी जायं।

श्री एन.टी. रामाराव यद्यपि इस सभा के सदस्य नहीं थे, लेकिन वह अपनी ही तरह की एक महान विभूति थे। वह अपने राज्य में एक महान व्यक्तित्व थे और यदि वह जिन्दा रहते तो शायद राष्ट्र की राजनीति में एक बहुत बड़ी भूमिका निभाते। कोई भी व्यक्ति एक राजनीतिज्ञ, जिसने लोकतांत्रिक अधिकारों और मूल्यों के लिए दृढ़तापूर्वक संघर्ष किया और एक सिनेमा कलाकार के रूप में लाखों के दिलों में, जो उनकी फिल्में देखते थे, अपने लिए जगह बनाई, दोनों रूपों में उनके बहुमुखी प्रतिभा की सराहना ही कर सकता है।

मैं उनके निधन पर शोक प्रकट करता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि शोकसंतप्त परिवार के सभी सदस्यों तक हमारी गहरी संवेदना पहुंचा दी जाएं।

श्री पी.जी. नारायणन (गोबिचेट्टिपालयम) : अध्यक्ष महोदय, मैं दिवंगत सदस्यों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आठ सदस्य और एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री एन.टी. रामाराव अब हमारे बीच नहीं रहे। आठ सदस्यों में से श्री सूर्यनारायण सिंह और श्री गोविन्द चन्द्र मुंडा इस सभा के वर्तमान सदस्य थे। वे इस सभा के वरिष्ठ और वयोवृद्ध सदस्य थे। उन्होंने समाज के दलित और निर्धन लोगों के हित के लिए अनेक कार्य किए। अन्य सदस्यों द्वारा की गई सेवाएं भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने इस सभा की कार्यवाही में सक्रिय रूप से भाग लिया।

श्री एन.टी. रामाराव ने मुख्यमंत्री रहते हुए आंध्र प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए अथक कार्य किया।

मैं अपनी तथा अपने दल आल इंडिया अन्ना डी.एम.के. की ओर से शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं।

श्री शोभनाद्रीश्वर राव वाड्डे (विजयवाड़ा) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने हमें इस देश के महान सपूतों में एक श्री एन.टी. रामाराव को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर दिया।

महोदय, श्री एन.टी. रामाराव वह व्यक्ति थे, जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की इस कामना में विश्वास रखते थे कि देश के प्रत्येक व्यक्ति को रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध की जानी चाहिए तथा उन्होंने इस कामना को पूरा करने का प्रयास भी किया। उन्होंने निर्धन व्यक्तियों को 2 रुपए प्रति किलाग्राम चावल उपलब्ध करवाने, उनके लिए स्थायी मकान बनाने तथा उनके सस्ती दरों पर कपड़ा उपलब्ध करवाने जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू कीं। नशीले पदार्थों के विरुद्ध व्यापक आंदोलन के परिणामस्वरूप तीसरी बार मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने आंध्र प्रदेश में पूर्ण मद्यनिषेध लागू किया। वह सच्चे लोकतंत्रवादी थे तथा उन्होंने समय पर पंचायत तथा सहकारी समितियों के चुनाव करवाए और पिछड़े वर्ग के लोगों तथा अल्पसंख्यकों को आरक्षण प्रदान किया।

अध्यक्ष महोदय, वह पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने देश में पहली बार आदर्श सहकारिता कानून पारित करवाया। उनके कार्यकाल के दौरान आंध्र प्रदेश में पूर्ण सांप्रदायिक सौहार्द था।

आपने ठीक ही कहा है कि उन्होंने सैकड़ों फिल्मों में काम किया और आने वाले समय में काफी लम्बे समय तक आंध्र प्रदेश और देश के लोगों के मन में उनकी छवि बनी रहेगी।

18 जनवरी को श्री एन.टी. रामाराव की मृत्यु से इस देश के गरीब लोगों ने अपना एक सच्चा मित्र खो दिया है।

विकास प्रक्रिया में गरीब लोगों के हितों और कल्याण की उपेक्षा न करते हुए अपनी ओर से बेहतरीन प्रयास करते हुए उनकी सरकार ने लोगों के मन में गहरी छाप छोड़ी है।

1.00 म.प.

मैं पुनः आपका धन्यवाद करता हूं। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि तेलगू देशम दल की ओर से श्री एन.टी. रामाराव और अन्य सदस्यों के परिजनों को हमारी संवेदनाएं पहुंचा दी जाएं।

श्री डी. वेंकटेश्वर राव (बापतला) : अध्यक्ष महोदय, 18 जनवरी, को श्री एन.टी. रामाराव के निधन से आंध्र प्रदेश के गरीब लोगों को गहरा धक्का पहुंचा है। वह ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने सत्ता में आने के बाद अपने राजनैतिक दर्शन का पालन किया। यद्यपि, उन्होंने बहुत धन कमाया फिर भी उन्होंने एक गरीब व्यक्ति की भांति अपना जीवन बिताया, क्योंकि वह एक गरीब परिवार के थे। मद्रास में रहते हुए उन्हें एक कप चाय के लिए मीलों जाना पड़ता था। ऐसी पृष्ठभूमि से और सिनेमा तथा वास्तविक जीवन से भी अपने अनुभव के बाद वह जब राजनीति के क्षेत्र में आए और सत्ता में आने पर उन्होंने गरीबों के लिए रोटी, कपड़ा और मकान के अपने दर्शन को मूर्त रूप दिया।

अपनी पृष्ठभूमि के साथ उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की, साथ ही उनके दल की गतिविधियां गरीब लोगों के कल्याण के लिए समर्पित थीं।

मुख्यमंत्री बनने के बाद भी उन्होंने सादा जीवन जिया, यदि कोई जाकर बनजारा हिल्स पर उनका घर देखे तो वह पाएगा कि यह एक साधारण सा घर है, जिसके चारों तरफ गरीबों की झोंपड़ियां हैं। कई बार वे फर्श पर भी सोया करते थे। यह उनका जीने का ढंग था। उन्होंने हमें, अपने अनुयायिओं को अंत तक लड़ने का उपदेश दिया। इससे मालूम पड़ता है कि वे किस तरह से उपदेश दिया करते थे और व्यवहार करते थे।

जब उन्होंने साहसपूर्वक राज्य में आवास योजना प्रारम्भ की और जब उन्होंने यह कहा कि प्रति वर्ष 2 लाख मकानों का निर्माण किया जायेगा, तो सभी उस पर हंसे थे। लेकिन अपने सात वर्षों के कार्यकाल में जब उन्होंने बारह लाख मकानों का निर्माण किया, अर्थात समस्त देश में बनाये गये मकानों की संख्या के बराबर, तो प्रत्येक ने इसकी प्रशंसा की। यह था राजनीति के प्रति उनका दृष्टिकोण। वास्तविक जीवन में भी, उन्होंने इसका व्यवहार किया था। उनके फिल्मी जीवन के दौरान भी, उन्होंने गरीब व्यक्ति के कई चरित्रों की भूमिका की थी। उस सभी अनुभव के साथ, उन्होंने आंध्र प्रदेश राज्य में गरीबों के लिए कार्य किया।

जब 18 जनवरी को उनकी मृत्यु हुई, तक हमने राज्य में गरीब लोगों को खाना खिलाने का आह्वान किया और राज्य के प्रत्येक गांव तथा प्रत्येक गली ने इस पर अनुकूल प्रतिक्रिया की और उन्होंने आंध्र प्रदेश राज्य में प्रत्येक स्थान पर गरीबों को भोजन कराया।

उन्होंने गरीब लोगों के दिलों में यह जगह बनाई। मैं अपनी एक छोटी सी घटना, अर्थात अपने परिवार के अनुभव, का वर्णन करता हूं। मेरी बेटी लगभग 11 वर्ष की है। एक वर्ष पूर्व, वह अपने जन्म दिन पर उनके पास गई और फिर उसकी मां, अर्थात, मेरी पत्नी उसको उनके पास ले गई और उसने अपनी बेटी से श्री एन.टी. रामाराव के पैर छू कर उनका आशीर्वाद लेने के लिए कहा। मेरी बेटी ने उनके पैर छूने से इन्कार कर दिया। बदले में, उसने कहा, "नहीं, मैं पैर नहीं छूती हूं।"

फिर उन्होंने अपनी बेटी से कहा : "उस पर दबाव न डालो। आप उसे बड़ी होने दें। वह अपनी भावनाओं को साहसपूर्वक व्यक्त कर सकती है। आप इस तरह के स्वभाव को प्रोत्साहित कीजिए, ताकि वह बड़ी होकर जीवन में सफल रहे।" फिर, केवल तीन दिनों तक वह वहां नहीं गई, उसके पश्चात, वह उनके पास पोंगल पर गई वे कुर्सी पर बैठे थे। उसने उनको एक मिठाई का डिब्बा दिया। उसने जाकर उनके पैर छूये। फिर वह अपनी मां के पास वापस आई और अपनी मां को बताया : "मां मैंने आज नाना जी के पैर छूये।" उसकी मां ने पूछा, "तुमने ऐसा क्यों किया।" फिर उसने कहा : "वे मुझे भगवान जैसे लगते हैं।" अतः, महोदय, इस तरह वे आंध्र प्रदेश में गरीबों के लिए भगवान हैं। जो वे विश्वास करते थे, उसका व्यवहार करते थे। उनके निधन से गरीबों को गहरा आघात लगा है।

इन कुछ शब्दों के साथ, मैं अपने नेता के प्रति सम्मान व्यक्त करता हूं और मैं श्री सूर्यनारायण सिंह, श्री गोविन्द चन्द्र मुंडा तथा अन्य जिनका निधन हो गया है, साथियों के लिए गहन संवेदना प्रकट करता हूं। मैं आपसे शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों को मेरी संवेदनाएं भेजने का अनुरोध करता हूं।

श्री सैयद शहाबुद्दीन (किशनगंज) : अध्यक्ष महोदय, मैं आप के द्वारा, सदन के नेता तथा विपक्ष के नेता द्वारा हमारे साथी, जिनका निधन हो गया है, सभा के भूतपूर्व सदस्यों तथा महान नेता श्री एन.टी. रामाराव को दी गई श्रद्धांजलि तथा व्यक्त की गई भावनाओं के साथ हूं। महोदय, अब हमें इस सभा में श्री सूर्य नारायण सिंह की गंभीरता तथा श्री गोविन्द चन्द्र मुंडा की सौम्यता देखने को नहीं मिलेगी। महोदय, मैं सौभाग्य से थोड़े समय के लिए इन दिवंगत नेताओं के सम्पर्क में रहा हूं। मैं अमिय नाथ बोस के सम्पर्क में उस समय आया था, जब वे वर्मा में राजदूत थे, और मंत्रालय में काम करने के दौरान मुझे उनके पत्र देखने का अवसर मिला था। मैं राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उनकी गहन चिंता और वर्मा के मित्र लोगों के साथ हमारे संबंधों को विकसित करने में उनकी रुचि से प्रभावित हुआ था।

महोदय, मैं श्री देवकान्त बरुआ को कई तरह से जानता था और मैं सभा में यह उल्लेख करना चाहता हूं कि उनके निधन से इस्लामी विद्वता

को बहुत हानि हुई है, क्योंकि बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी है कि उन्होंने बड़ी संख्या में पुस्तकें एकत्रित कीं, वे इस्लामिक दर्शन और इस्लामी संस्कृति के महान विद्वान थे। मेरे विचार से, वे हमारी धर्म-निरपेक्षता के प्रतीक थे।

महोदय, श्री पी.सी. सेठी से मेरी जान-पहचान तब हुई थी, जब वे नेल्ली नरसंहार के अंधकारपूर्ण काल में देश के गृह मंत्री थे और उन्होंने पीड़ित लोगों के प्रति जो मानवीय दृष्टिकोण अपनाया और उनके प्रति जो सहानुभूति और चिन्ता व्यक्त की, मैं उससे बहुत प्रभावित हुआ था।

श्री एन.टी. रामाराव हमारे देश के महान नेता थे तथा हमारे देश के निर्माण में उनकी अहम् भूमिका थी। उनके जीवन के साथ ही एक अध्याय समाप्त हो गया है। उन्होंने न केवल आंध्र प्रदेश के, बल्कि समूचे राष्ट्र के नेता के रूप में देश की बड़ी सेवा की। उन्होंने हमें राष्ट्रीय एकता का मार्ग दिखाया और राष्ट्रीय मोर्चा के चेयरमैन के रूप में जनहित कार्य के लिए संघर्ष करना भी सिखाया। उनकी मृत्यु से जो खालीपन आ गया है, उसे भरा नहीं जा सकता।

महोदय, इन शब्दों के साथ, मैं सभी दिवंगत नेताओं के प्रति अपनी व्यक्तिगत श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और माननीय अध्यक्ष से निवेदन करता हूं कि उनके शोक संतप्त परिवार के लोगों को मेरी अपनी और मेरी पार्टी की संवेदना से अवगत कराया जाये।

श्री याइमा सिंह युमनाम (आंतरिक मणिपुर) : महोदय, यदि मैं अपनी पार्टी की ओर से श्री गोविन्द चन्द्र मुंडा और श्री सूर्य नारायण सिंह के निधन पर दो शब्द नहीं कहूंगा तो मैं स्वयं को अकृतज्ञ कहलाऊंगा। श्री मुंडा और श्री सिंह हमारे साथ बैठते थे। ये हमारे बहुत ही प्रिय थे। अतः, मैं इस सदन के उन सभी नेताओं और श्री देवकांत बरुआ जो पूर्वोत्तर क्षेत्र के थे, के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने में दूसरे माननीय सदस्यों के साथ स्वयं को सम्बद्ध करता हूं। हमें उन पर बड़ा गर्व था। मैं श्री एन.टी. रामाराव, जिनसे हमें बड़ी आशायें थी, के निधन पर हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। अतः, इन शब्दों के साथ मैं आपसे निवेदन करता हूं कि शोक संतप्त परिवारों को हमारी संवेदनाओं से अवगत कराया जाये।

श्री चित्त बसु (बारसाट) : माननीय अध्यक्ष महोदय, सदन के नेता और विपक्ष के गण्यमान्य नेताओं ने इस सदन के भूतपूर्व सदस्यों के निधन पर जो शोक व्यक्त किया है, मैं स्वयं को उसमें शामिल करता हूं। उनमें से मैं, विशेषकर श्री सूर्यनारायण सिंह का उल्लेख करना चाहूंगा, जिनके साथ कार्य करने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ था। वह जनता और कामगार वर्गों को संगठित करने में माहिर थे और महान लोकतंत्रवादी थे, जिन्होंने मेहनतकश लोगों को आजादी के सच्चे मार्ग की ओर अग्रसर किया।

महोदय, मैं श्री अमिय नाथ बोस के नाम का उल्लेख करने में विशेषतौर पर कृतज्ञ महसूस करता हूं। वह इस सभा के सदस्य थे और उन नवयुवकों में से थे, जिन्होंने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के पलायन में सहायता की थी। मुझे यह बताया गया है और सारा देश यह जानता है कि नैनी में नेताजी के पलायन की योजना बनाने में उनकी बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका थी और बाद में भी उन्होंने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के विचारों और कार्यों को लोकप्रिय बनाने की दिशा में अथक परिश्रम किया। इस प्रकार, उन्होंने हमारे देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी विशेष योगदान दिया।

अंत में, मैं स्वर्गीय श्री एन.टी. रामाराव के निधन पर उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं, जो आंध्र प्रदेश के महान व्यक्ति थे। उन्होंने आंध्र प्रदेश के लाखों लोगों के दिलों को जीता था। उनके निधन से आंध्र प्रदेश में जो स्थान खाली हुआ है, उसे भरना बहुत कठिन है। मुझे आशा है और विश्वास है कि उस राज्य के लोग श्री रामाराव की स्मृतियों और कार्यकलापों को संजोए रखने के लिए सही उपाय करेंगे।

[हिन्दी]

श्री पीयूष तीरकी (अलीपुरद्वार) : अध्यक्ष महोदय, प्रधानमंत्री जी ने और विरोधी दलों के नेताओं ने जिन नेताओं के निधन पर उनको अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है, मैं भी उसमें अपने को शामिल करता हूं। विशेषकर गोविंद मुंडा, जो कि मेरे पास ही बैठते थे, और सूर्य नारायण सिंह जो यहां के सिटिंग मेम्बर थे वे भी हमारे बीच नहीं हैं। देवकान्त बरुआ जो कि जाने-माने नेता थे और किसी समय उन्होंने 'इंदिरा इन इंडिया और इंडिया इज इंदिरा' का नारा दिया था। वे भी आज इस दुनिया में नहीं हैं। श्री पी.सी. सेठी के साथ भी हमारी जान-पहचान थी। एन.टी.आर. सारे देश के नेता थे और पूरे भारत को एकाकार देखने की उनकी इच्छा थी। मैं अपनी पार्टी आर.एस.पी. की तरफ से और अपनी तरफ से इन दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि हमारी संवेदना उनके शोक संतप्त परिवारों तक पहुंचा दें।

श्री इब्राहिम सुलेमान सेट (पोन्नानी) : स्पीकर साहब आपने और इस हाउस के मुखतलिफ दलों के लीडर्स ने हमारे बहुत से साथियों के हमसे हमेशा के लिए जुदा हो जाने पर गमो-अलम का इजहार किया है। मैं भी आप सबका साथ देने के लिए यहां खड़ा हुआ हूं। इन लोगों में दो साथी ऐसे थे, जो कल तक हमारे साथ थे, लेकिन आज नहीं है। जैसे वाजपेयीजी ने कहा दुनिया का दस्तूर यही है कि बहुत आगे गये और बाकी तैयार बैठे हैं। ये दोनों साथी ऐसे थे, जिन्होंने मुल्क की बड़ी खिदमत की है। बहुत से ऐसे साथी भी हमारे साथ नहीं रहे जो इस सदन के सदस्य नहीं थे। उन्होंने भी मुखतलिफ मैदानों में मुल्क की खिदमत की है। आज हम उनको याद करते हैं और अपने गमो-अलम के साथ करते हैं। जहां तक श्री बरुआ जी का ताल्लुक है, वह एक अजीम इंसान थे, बड़े काबिल इंसान थे, खुशखलफ इंसान थे और मुझे उनके साथ करीबी ताल्लुक रखने का हमेशा मौका मिला है। आपके सामने कहा गया, शहाबुद्दीन साहब ने कहा कि वह इस्लामी तारीख, इस्लामी तहजीब से बहुत गहरी दिलचस्पी रखते थे। वह कांस्टीटुएन्ट असेम्बली में भी थे और यहां पर वजीर भी रहे हैं। इसके साथ-साथ मैं यहां पर एन.टी. रामाराव जी का भी जिक्र करूंगा। वह तो एक अजीम इंसान थे। वह सियासतदान भी, आयद भी और अदाकार भी थे। मैं उनको करीब से जानता हूं। इन्तखाबात से पहले

मेरा हैदराबाद जाना हुआ था। वहां पर बहुत अजीमोशान रैली हुई थी सिंहगर्जना रैली, ...(**व्यवधान**) प्रजागर्जना रैली हुई थी। मैंने देखा कि वहां पर हजार नहीं बल्कि लाखों इंसान थे। इससे साबित होता था कि वह गरीब अवाम से बड़ी मौहब्बत करते थे। वह ऐसे इंसान थे, जो गरीबों के लिए जीते थे और ऐसे इंसान थे, जिनसे गरीब भी मौहब्बत रखते थे। वह अदाकार भी थे, सियासतदान भी, लीडर भी, चीफ मिनिस्टर भी, सब कुछ थे। यह हमारे मुल्क के लिए बड़ा भारी नुकसान है। मैं अपने गहरे रंजोगम का इजहार करता हूं और दरख्वास्त करूंगा कि उनके परिवारजनों तक हमारे इस जजबात को पहुंचा दें।

جناب ابراہیم سلیمان سیٹھ (پونانی) اسپیکر صاحب آپ نے اور اپنی ہاؤس کے مختلف دلوں کے لیڈرس نے ہمارے بہت سے ساتھیوں کے ہم سے ہمیشہ کے لئے جدا ہو جانے پر غم والم کا اظہار کیا ہے۔ میں بھی آپ سب کا ساتھ دینے کے لئے یہاں پر کھڑا ہوا ہوں۔ ان لوگوں میں دو ساتھی ایسے تھے جو کل تک ہمارے ساتھ تھے لیکن آج نہیں ہیں۔ جیسے واجپئی جی نے کہا دنیا کا دستور یہی ہے کہ بہت سے آگے گئے اور باقی تیار بیٹھے ہیں۔ یہ دونوں ساتھی ایسے تھے جنہوں نے اس ملک کی بڑی خدمت کی ہے۔ بہت سے ایسے ساتھی بھی ہمارے ساتھ نہیں رہے جو اس سدن کے سدسیہ نہیں تھے۔ انہوں نے بھی مختلف میدانوں میں ملک کی خدمت کی ہے۔ آج ہم ان کو یاد کرتے ہیں اور اپنے غم والم کے ساتھ کرتے ہیں۔

جہاں تک شری بروا جی کا تعلق ہے وہ ایک عظیم انسان تھے بڑے قابل انسان تھے، خوش خلق انسان تھے اور مجھے ان کے ساتھ قریبی تعلق رکھنے کا ہمیشہ موقع ملا ہے۔ آپ کے سامنے کہا گیا۔ شہاب الدین صاحب نے کہا کہ وہ اسلامی تاریخ تہذیب سے بہت گہری دلچسپی رکھتے تھے۔ وہ کانسٹی چیوٹ اسمبلی میں بھی تھے اور یہاں پر وزیر بھی رہے ہیں۔ اس کے ساتھ ساتھ ہمیں یہاں پر این ٹی راماؤ جن کا بھی ذکر کروں گا۔ وہ تو ایک عظیم انسان تھے۔ وہ سیاست داں بھی تھے اور ایک اداکار بھی تھے۔ میں ان کو قریب سے جانتا ہوں۔ انتخابات سے پہلے میرا حیدر آباد جانا ہوتا تھا۔ وہاں پر بہت عظیم الشان ریلی ہوتی تھی۔ سنگرجنا ریلی، پرجاگرجنا ریلی ہوئی تھی۔ میں نے دیکھا کہ وہاں پر ہزار نہیں بلکہ لاکھوں انسان تھے۔ اس سے ثابت ہوتا تھا کہ وہ غریب عوام سے بڑی محبت کرتے تھے۔ وہ ایسے انسان تھے جو غریبوں کے لئے جیتے تھے اور ایسے انسان تھے جس سے غریب بھی محبت رکھتے تھے، وہ اداکار بھی تھے اور سیاست داں بھی۔ لیڈر بھی، چیف منسٹر بھی۔ سب کچھ تھے، یہ ہمارے ملک کے لئے بڑا بھاری نقصان ہے۔ میں اپنے گہرے رنج و غم کا اظہار کرتا ہوں اور درخواست کروں گا کہ ان کے پریوار جنوں تک ہمارے ان جذبات کو پہنچا دیں۔

[अनुवाद]

श्री अर्जुन सिंह (सतना) : महोदय, आपकी अनुमति से मैं अपने उन दिवंगत साथियों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं जो कि आज हमारे बीच में नहीं हैं और अपने दिवंगत साथियों के बारे में आपने जो भावनाएं व्यक्त की हैं, मैं उनका समर्थन करता हूं-यह तो नियति का विधान है, जो टाले नहीं टल सकता।

महोदय, मैं विशेषरूप से श्री देवकान्त बरुआ जी का उल्लेख करना चाहूंगा। मेरे विचार से उनके व्यक्तित्व के बारे में काफी कुछ कहा जा चुका है और अधिक कहने की आवश्यकता नहीं है। हममें से प्रत्येक व्यक्ति अपने तरीके से उनके संपर्क में आया है और उनके बारे में प्रत्येक के अपने-अपने संस्मरण हैं। यदि हम कुल मिलाकर देखें तो मैं कहूंगा कि वे भारतीय व्यक्ति का एक उत्कृष्ट नमूना थे। जब एक भारतीय हमारी सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा धार्मिक विरासत के संबंध में व्यापक रूप से सोचता है तो बरुआ जी का अद्वितीय व्यक्तित्व उभर कर सामने आता है।

महोदय, मुझे श्री पी.सी. सेठी के साथ दल में एक साथी के रूप में तथा उनके मंत्रिमंडल में, जब वे मुख्यमंत्री थे, एक मंत्री के रूप में काम करने का अवसर प्राप्त हुआ था और तदन्तर मैं यह भी कहूंगा कि ऐसे अवसर भी आए जब मेरे और उनके विचारों में काफी मतभेद रहा। लेकिन उनमें उचित तथा अनुचित के बीच संतुलन स्थापित करने की असीम क्षमता थी। श्री सेठीजी सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे। यहां तक कि वह व्यक्ति जो उनके बारे में गलत ख्याल रखता हो। उनका आलोचक हो अथवा उनसे बहुत नाराज हो, यदि वह उनके साथ पांच या दस मिनट भी रह जाता था तो उसके विचार बदल जाते थे।

मध्य प्रदेश राज्य के लिए उन्होंने अनेक क्षेत्रों में नये आयाम स्थापित किए और वह राज्य उन्हें न केवल मुख्यमंत्री के रूप में याद करेगा, बल्कि एक ऐसे व्यक्ति के रूप में याद करेगा, जिन्होंने मानवता की भावना से तथा समाज-सेवा की भावना से राज्य में प्रत्येक सुविधा प्रदान करने की कोशिश की, जो कि समाज के निम्नतम वर्ग तक पहुंची, ताकि वे यह महसूस कर सकें कि उनके लिए कुछ किया गया है।

यद्यपि श्री एन.टी. रामाराव से मैं एक दो बार मिला, परन्तु व्यक्तिगत रूप से उनके साथ कार्य करने का सुअवसर मुझे कभी प्राप्त नहीं हुआ। लेकिन कोई भी भारतीय इस बात से इंकार नहीं कर सकता कि वे अपनी रहस्यमय प्रतिमा व्यक्तित्व और दक्षता से राजनीतिक क्षितिज पर दैदीप्यमान नक्षत्र की तरह उभरे—पहले आंध्र प्रदेश में तथा तत्पश्चात् देश में। उन्होंने अपने पीछे एक समृद्ध तथा व्यापक विरासत छोड़ी है। जो उन सभी के लिए एक महान प्रेरणा स्रोत रहेगी, जो समाजसेवी के रूप में जन-सेवा, विशेषकर दलित वर्ग के लोगों की सेवा करना चाहते हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से इन दिवंगत साथियों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रेषित करना चाहता हूं, जिनका आपने निधन संबंधी उल्लेख में जिक्र किया है।

1.20-1/2 म.प.

तत्पश्चात् सदस्यगण थोड़ी देर मौन खड़े रहे।

1.21 म.प.

डबवाली त्रासदी के संबंध में उल्लेख

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्यों को स्मरण होगा कि 23 दिसम्बर, 1995 के मध्याह्न में हुई एक दुर्घटना ने हरियाणा में सिरसा ज़िले के डबवाली नगर के लोगों को स्तब्ध कर दिया था, जिसमें एक स्कूल समारोह में विध्वंसकारी अग्निकांड में 350 से अधिक लोगों का, जिनमें अधिकतर स्कूल के बच्चे थे, दुखद अंत कर दिया।

हम इस दुख की घड़ी में शोकसंतप्त परिवारों के साथ हैं।

सभा मेरे साथ प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी शोक-संवेदना व्यक्त करेगी।

अब सदस्यगण उन दिवंगत व्यक्तियों के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़े होंगे।

1.21-1/2 म.प.

तत्पश्चात् सदस्यगण थोड़ी देर मौन खड़े रहे

1.22 म.प.

सदस्यों द्वारा त्यागपत्र

अध्यक्ष महोदय : मुझे सभा को सूचित करना है कि लोक सभा के निम्नलिखित सदस्यों ने पिछले सत्रावसान की अवधि के दौरान लोक सभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है :

1. श्री राम पूजन पटेल
2. श्री लाल कृष्ण आडवाणी
3. श्री शरद यादव
4. श्री जी. माडे गौडा

मैंने उनका त्याग पत्र स्वीकार कर लिया है

...(**व्यवधान**)...

श्री राम नाईक (मुम्बई उत्तर) : महोदय, मंत्रियों के बारे में आप क्या कहना चाहते हैं?

...(**व्यवधान**)...

अध्यक्ष महोदय : सभा कल 27 फरवरी, 1996 को 11 बजे म.पू. पर समवेत होने के लिए स्थगित होती है।

1.23 म.प.

तत्पश्चात् लोक सभा मंगलवार, 27 फरवरी, 1996/8 फाल्गुन, 1917 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई